Sem-3 (MJC)

## Q इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (IT) इंडस्ट्री :-

(1.) प्रस्तावना :

इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी वह क्षेत्र है जो सूचना के संग्रहण, संरक्षण, प्रसंस्करण, विश्लेषण और संप्रेषण के लिए कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर, नेटवर्क और डिजिटल प्रणालियों का उपयोग करता है।

→ आधुनिक युग को "डिजिटल युग" कहा जाता है। क्योंकि आज जीवन का लगभग हर क्षेत्र - शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, व्यापार, प्रशासन रक्षा, मनोरंजन, और संचार IT से प्रभावित है। IT उद्योग ने न केवल कार्यप्रणाली को सरल और तेज बनाया है, बल्कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और नवाचार को भी गति दी है। सूचना का तेज आदान - प्रदान, डेटा - प्रशिक्षण ऑनलाइन सेवाएँ और स्वचालन ने पारंपरिक उद्योग की संरचना को बदल दिया।

* IT उद्योग का ऐतिहासिक विकास :

IT उद्योग का विकास कई चरणों में हुआ है —

(क) प्रारंभिक चरण (1940 - 1970) :

इस दौर में बड़े-बड़े मेनफ्रेम कंप्यूटर विकसित हुए। इनका उपयोग मुख्यतः वैज्ञानिक अनुसंधान और सरकारी कार्यों में होता था।

vivo Y02
Feb 12, 2026, 12:03

→ कंप्यूटर महंगे और सीमित उपयोग के थे।

(ख) पर्सनल कंप्यूटर क्रांति (1980 का दशक) :-
→ IBM और एप्पल जैसी कंपनियों ने पर्सनल कंप्यूटर (PC) को आम लोगों तक पहुँचाया। इससे कंप्यूटर शिक्षा, व्यापार और घरों में उपयोग होने लगे।

(ग) इंटरनेट क्रांति (1990 का दशक) :-
→ इंटरनेट के आगमन ने सूचना क्रांति ला दी। ई-मेल, वेबसाइट, ई-कॉमर्स और ऑनलाइन संचार ने दुनिया को "ग्लोबल विलेज" में बदल दिया।

(घ) डिजिटल और मोबाइल युग (2000 के बाद) :-

→ स्मार्टफोन, सोशल मीडिया, क्लाउड कंप्यूटिंग और ऐप आधारित सेवाओं ने IT उद्योग को नई दिशा दी। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, और बिग डेटा जैसे क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहे हैं।

* IT उद्योग के प्रमुख घटक :-
→ IT उद्योग को विभिन्न उद्योग भागों में विभाजित किया जा सकता है।

vivo Y02
Feb 12, 2026, 12:04